हिन्दी दैनिक

RNI-BIHHIN/2012/43368

# नवशक्ति

www.navshaktinews.in

navshakti news paper patna

वर्ष : 13, अंक : 234 | पटना, बुधवार, 16 अक्टूबर, 2024 | पृष्ठ, : 8 मूल्य : दो रुपये

## आमजनों की निगरानी एवं शिकायत पर विभाग लेगा संज्ञान: विजय सिन्हा

◆पथ एवं पुलों के गुणवत्तापूर्ण रख-रखाव में अब होगी आमजन की भागीदारी: विजय सिन्हा

◆पथ निर्माण विकसित करेगा पथ एवं पुल लोक शिकायत निवारण प्रणाली: विजय सिन्हा

◆पथ एवं पुल लोक शिकायत निवारण के जरिये सुनिश्चित होगी सड़कों की गुणवत्ता: विजय सिन्हा

**पटना।** उप मुख्यमंत्री सह पथ निर्माण मंत्री के समक्ष पथ निर्माण विभाग के विशेष सचिव श्री शीर्षत कपिल अशोक एवं विभागीय पदाधिकारियों द्वारा पथ एवं पुलों से संबंधित शिकायत आमजन द्वारा किये जाने संबंधी व्यवस्था का प्रस्तुतिकरण दिया गया।

उप मुख्यमंत्री सह पथ निर्माण मंत्री के निदेश पर पथ निर्माण विभाग के अन्तर्गत पथ एवं पुल लोक शिकायत निवारण प्रणाली विकसित की गई है, जिसे शीघ्र ही आमजनों के लिए प्रारंभ कर दिया जाएगा।

उप मुख्यमंत्री सह पथ निर्माण मंत्री ने बताया कि राज्य में पथ एवं पुलों की मरम्मति एवं रख-रखाव का दायित्व संवेदक एवं अभियंताओं का है। समीक्षा में यह बात स्पष्ट हुई थी कि कई मामलों में ससमय मरम्मति का कार्य नहीं हो पाने के कारण आमजनों को कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है। इसे देखते हुए एक ऐसी



व्यवस्था की शुरूआत की जा रही है, जिसमें कोई भी व्यक्ति किसी पथ एवं पुल के संबंध में शिकायत कर सकता है। यह शिकायत निबंधित होते ही संबंधित संवेदक, कनीय अभियंता, सहायक अभियंता एवं कार्यपालक अभियंता के मोबाईल पर प्रदर्शित होने लगेगी। संबंधित पथ की मरम्मति निर्धारित समय करनी होगी।

उप मुख्यमंत्री सह पथ निर्माण मंत्री ने बताया कि ऐसी शिकायत हेतु एक मोबाईल नम्बर भी जारी किया जाएगा, जिस पर हँ३२अस्त्रस्त्र के माध्यम से चित्र और शिकायत प्रेषित की जा सकेगी।

उप मुख्यमंत्री सह पथ निर्माण मंत्री ने बताया कि विभाग स्तर पर प्राप्त शिकायतों के अनुश्रवण की भी व्यवस्था रहेगी और प्रत्येक सप्ताह इसकी समीक्षा की जाएगी। प्राप्त शिकायत का निराकरण एक सप्ताह के अन्दर सुनिश्चित करना होगा।

उप मुख्यमंत्री सह पथ निर्माण मंत्री ने कहा कि राज्य में आमजनों के लिए सुगम यातायात उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है और इस दिशा में सभी आवश्यक कार्य किये जा रहे हैं।

उप मुख्यमंत्री सह पथ निर्माण मंत्री ने कहा कि उत्तर बिहार के बाढ़ प्रभावित जिलों में नदियों का पानी कम होने के साथ ही क्षतिग्रस्त पथ एवं पुलों की मरम्मति शीघ्र कराई जाएगी।



भोजपुरी कलाकार रीतेश पांडे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिलीप जायसवाल जी से पुष्पगुच्छ देकर भेंट करने के दौरान।

## राजनाथ सिंह ने तेलंगाना में नौसेना रडार स्टेशन की रखी आधारशिला

**तेलंगाना।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को जिले के दमगुडेम वन क्षेत्र में भारतीय नौसेना के बहुत कम आवृत्ति (वीएलएफ) रडार स्टेशन की आधारशिला रखी। उन्होंने इस दौरान कहा कि नौसेना के वीएलएफ स्टेशन में जब परिचालन शुरू हो जाएगा तो यह समुद्री बलों के लिए महत्वपूर्ण होगा। यह देश में नौसेना का दूसरा वीएलएफ संचार ट्रांसमिशन स्टेशन है। तेलंगाना सरकार की एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि तमिलनाडु के तिरुनेलवेली में आईएनएस कट्टाबोम्मन रडार स्टेशन अपनी तरह का पहला स्टेशन था। इस अवसर पर तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी, केंद्रीय मंत्री बंदी संजय कुमार और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। राजनाथ ने कहा कि मैं, इस वीएलएफ स्टेशन के निर्माण से जुड़े हुए सभी हितधारक को अपनी ओर से बधाई देता हूँ। इसके साथ ही मैं तेलंगाना सरकार का, विशेषकर तेलंगाना के मुख्यमंत्री, ए रेवंत रेड्डी जी का भी उनके विशेष योगदान के लिए धन्यवाद देता हूं। उन्होंने कहा कि जब यह वीएलएफ स्टेशन अपने निर्माण के बाद कार्यात्मक हो जाएगा तो, यह हमारे समुद्री सेना के लिए अनेक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण सिद्ध होगा। मेरी नजर में, इस प्रकार के उच्च तकनीक बुनियादी ढांचा सिर्फ एक सैन्य प्रतिष्ठान ही नहीं होते, बल्कि इनका रणनीतिक भूमिका इन्हें राष्ट्रीय महत्व का दर्जा देता है। राजनाथ ने कहा कि चाहे वह साधारण परिस्थिति हो या फिर असाधारण परिस्थिति, हर स्थिति में किसीभी कमांड सेंटर का उससे जुड़े हुए सभी लोगों के बीच सूचना के निर्बाध प्रवाह का होना बहुत जरूरी है।

## ऑनलाइन पंजीकरण के बिना भी तीर्थयात्रियों को सबरीमला में दर्शन की सुविधा मिलेगी: पिनराई विजयन

**तिरुवनंतपुरम।** केरल सरकार ने स्पष्ट किया कि वर्चुअल बुकिंग (ऑनलाइन पंजीकरण) कराए बिना सबरीमाला आने वाले तीर्थयात्रियों को भी भगवान अयप्पा मंदिर में सुचारू दर्शन की सुविधा प्रदान की जाएगी। व्यापक विरोध के बीच पिनराई विजयन सरकार ने आगामी तीर्थयात्रा के दौरान केवल वर्चुअल कतार बुकिंग (ऑनलाइन) के माध्यम से दर्शन प्रदान करने के अपने पहले के फैसले को बदल दिया। मुख्यमंत्री विजयन ने इस संबंध में मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के नेता के वी जॉय द्वारा इस मुद्दे का उल्लेख किए जाने पर विधानसभा में यह घोषणा की। उन्होंने कहा, बिना वर्चुअल कतार बुकिंग के आने वाले तीर्थयात्रियों के लिए भी सुचारू दर्शन की सुविधा सुनिश्चित की जाएगी...उन लोगों के लिए भी दर्शन सुनिश्चित किए जाएंगे जिन्होंने ऑनलाइन पंजीकरण नहीं कराया है और जो प्रणाली के बारे में जाने बिना आते हैं। उन्होंने कहा कि पिछले तीर्थयात्रा सीजन के दौरान भी मंदिर में इसी प्रकार की सुविधाएं प्रदान की गई थीं। हालांकि,



मुख्यमंत्री ने अपने संक्षिप्त वक्तव्य के दौरान यह स्पष्ट रूप से नहीं बताया कि क्या वर्चुअल कतार बुकिंग के साथ-साथ स्पॉट (मौके पर) बुकिंग करने वाली प्रणाली को पिछले वर्ष की तरह बनाए रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि पांच अक्टूबर को आयोजित एक मूल्यांकन बैठक में सबरीमला में तीर्थयात्रियों के लिए स्पॉट (मौके पर) बुकिंग की अनुमति देने पर चर्चा की गई थी।

मुख्यमंत्री ने बताया कि बैठक में मंदिर पहुंचने वाले सभी तीर्थयात्रियों के लिए सुरक्षित और सुचारू दर्शन सुनिश्चित करने के उपायों पर भी चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि वर्चुअल कतार बुकिंग के माध्यम से तीर्थयात्रियों का विवरण डिजिटल दस्तावेज के रूप में उपलब्ध होगा।

उन्होंने कहा कि इससे तीर्थयात्रा के दौरान दुर्घटना या गुमशुदगी की स्थिति में सुरक्षा सुनिश्चित करने और लोगों की पहचान करने में मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि तिरुपति सहित प्रमुख तीर्थस्थलों पर ऑनलाइन पंजीकरण प्रणाली सुचारू रूप से चल रही है।

उन्होंने कहा कि इसी की तर्ज पर ही 2011 में सबरीमला में वर्चुअल कतार बुकिंग शुरू की गई थी। मुख्यमंत्री का यह बयान भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा स्पॉट (मौके पर) बुकिंग की अनुमति नहीं दिए जाने और केवल वर्चुअल कतार बुकिंग प्रणाली के माध्यम से दर्शन की अनुमति देने की योजना पर सरकार के आगे बढ़ने के खिलाफ आंदोलन करने की धमकी दिए जाने के एक दिन बाद आया है।

## बीजेपी को जल्द मिलेगा नया राष्ट्रीय अध्यक्ष, चुनाव पदाधिकारियों के नाम का पार्टी ने कर दिया ऐलान

**नई दिल्ली।** आज चुनाव आयोग ने झारखंड और महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए तारीखों का ऐलान कर दिया है। दोनों ही राज्यों के नतीजे 23 नवंबर को आ जाएंगे। इन सब के बीच भाजपा में भी संगठन चुनाव को लेकर तैयारियां तेज हो गई है। दरअसल, भाजपा राष्ट्रीय स्तर पर संगठन का चुनाव कराने जा रही है। इसी के तहत राष्ट्रीय अध्यक्ष का भी चुनाव होगा। आपको बता दें कि वर्तमान में पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा का कार्यकाल पहले ही पूरा हो गया है। वह मोदी सरकार में मंत्री भी है। भाजपा हमेशा एक व्यक्ति एक पद पर फोकस करती है। ऐसे में संगठन का चुनाव करना उसके लिए जरूरी हो गया



है।

यही कारण है कि भाजपा ने संगठन के चुनाव कराने के लिए अधिकारियों की घोषणा कर दी है। इसके लिए बकायदा भाजपा की ओर से प्रेस रिलीज जारी किया गया है। भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के फैसले के मुताबिक पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने डॉक्टर के लक्ष्मण को राष्ट्रीय चुनाव अधिकारी की नियुक्त किया है। उनके साथ नरेश बंसल, रेखा वर्मा और संबित पात्रा राष्ट्रीय सह चुनाव अधिकारी होंगे। इसे तत्काल लागू कर दिया गया है। ऐसे में माना जा रहा है कि भाजपा को बहुत जल्द ही नया अध्यक्ष मिल सकता है।

## हमारी यात्रा न्याय के लिए, गिरिराज सिंह की दंगा- फसाद के लिए : दीपंकर भट्टाचार्य

**पटना।** 16 अक्टूबर से होने वाली पार्टी की पदयात्रा में शामिल होने के लिए आज माले महासचिव नवादा रवाना हो गए. अपनी यात्रा शुरू करने के पहले उन्होंने कहा कि हमारी यात्रा न्यायपूर्ण नए बिहार के निर्माण के लिए है. हम न्याय की उम्मीद लेकर यात्रा में निकले हैं. हम अपनी यात्रा में दलितझगरीबोंझमहिलाओं पर जारी सामंती हिंसा, भूमिहीनों के लिए आवासीय जमीन व पक्का मकान, स्मार्ट मीटर पर रोक, सभी लोगों की जमीन के कागजात दुरुस्त नहीं होने तक सर्वे पर रोक, स्कीम वर्कर के लिए न्यूनतम मजदूरी, बाढ़ का स्थाई निदान, आरक्षण वृद्धि को 9 वीं अनुसूची में शामिल करने,



विशेष राज्य का दर्जा आदि मुद्दों को उठा रहे हैं; वहीं भाजपा सांसद और केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह की यात्रा का मकसद राज्य में सांप्रदायिक उन्माद बिगाड़ने को निमित है. वे अमनझचैन बिगाड़ने और सांप्रदायिक उन्माद भड़काने की भाजपाई राजनीति के बड़े प्रवक्ता हैं जबकि विकास और लोकतंत्र के लिए अमनझसौहार्द जरूरी है. बिहार के सवालों से भागते हुए राज्य को अस्थिर करने और साम्प्रदायिक ध्रुवीकरण करने की इस साजिश को राज्य की जनता निश्चित तौर पर ठुकरा देगी. उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार की दुहाई देते रहने से कुछ नहीं होगा. भाजपा और जदयू पहले अपनी विफलताओं का हिसाब और जवाब राज्य की जनता को दे. माले महासचिव के साथ मगध जोन के प्रभारी का. अमर, अरवल विधायक महानंद सिंह, फुलवारी विधायक का. गोपाल रविदास और घोसी विधायक का. रामबली सिंह यादव भी शामिल हैं.

जेएनयू छात्र संघ के अध्यक्ष धनंजय और एमएलसी शशि यादव भी इस यात्रा में शामिल होंगे.शाहाबाद जोन की यात्रा का नेतृत्व करने के लिए पार्टी राज्य सचिव का. कुणाल, काराकाट सांसद का. राजा राम सिंह, आरा सांसद सुदामा प्रसाद, ऐपवा की महासचिव मीना तिवारी, पूर्व विधायक का. मनोज मंजिल, काराकाट विधायक अरूण सिंह, अगिआंव विधायक शिवप्रकाश रंजन भभुआ पहुंचेंगे. मिथिला जोन का नेतृत्व पार्टी के पोलित ब्यूरो के सदस्य का. धीरेन्द्र झा और पूर्व विधायक का. मंजू प्रकाश करेंगे. यह यात्रा मिथिला क्षेत्र के विभिन्न जिलों से गुजरते हुए विभूतिपुर में संपन्न होगी. तिरहुत जोन की यात्रा का नेतृत्व सिकटा विधायक का. वीरेन्द्र प्रसाद गुप्ता करेंगे. यह यात्रा भितहरवा से शुरू होकर मुजफ्फरपुर में संपन्न होगी. सारण जोन की यात्रा का नेतृत्व दरौली विधायक का. सत्यदेव राम, पूर्व विधायक का. अमरनाथ यादव, का. नईमुद्दीन अंसारी आदि नेता करेंगे. गोपालगंज, सिवान और सारण जिले में यह यात्रा होगी.

## राज्य सरकार को विदाई देने के लिए भाजयुमो ने फूंका बिगुल

**रांची।** भारतीय जनता युवा मोर्चा रांची महानगर अध्यक्ष रोमित नारायण सिंह के नेतृत्व में राज्य सरकार के खिलाफ युवाओं छात्रों ने मशाल जुलुस निकाल । जुलुस जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम से शुरू होकर अल्बर्ट एक्का चौक तक गया। राज्य की सरकार युवाओं को 5 लाख सरकरी नौकरी के नाम पर सिर्फ ठगा गया है। इस निरंकुश सरकार ने उनपर लाठी डंडे से अंकुश लगाने का काम किया है इन सभी जोरदार नारो के साथ युवाओं ने अपने आक्रोश को सड़कों पर दिखाया, मौके पर भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष शशांक राज ने कहा कि जब से ये सरकार का गठन हुवा है तबसे सिर्फ ट्रांसफर पोस्टिंग का उद्द्योग चल रहा है। जल जंगल




जमीन को लूटने, खसोटने ओर बेचने का काम किया है। अपराधी बेलगाम हो चुके हैं। राज्य के युवा ठान चुके है इस सड़ी गली सरकार कल उखाड़ फेंकेंगे ओर राज्य में सुशाशन भाजपा की सरकार बनाएंगे,मौके पर भाजपा महानगर अध्यक्ष वरुण साहू ने कहा आज के आंदोलन से राज्य के युवाओं ने सरकार को बता दिया है कि अपने जो 5 साल युवाओं को ठगने का काम किया है उसी का आक्रोश आज सड़कों पर देखने को मिल रहा है। मौके पर युवा मोर्चा महानगर अध्यक्ष रोमित नारायण सिंह ने कहा कि राज्य के युवा खुद को ठगा, हतास ओर बेसहारा महसूस करते है। राज्य के युवा दर दर की ठोकरें खाने को मजबूर है। नौकरी के नाम पर सिर्फ आजतक उन्हें अस्वासन ही सिर्फ मिला है। इस निकम्मी ओर दमनकारी सरकार की उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है और आगामी बिधान सभा चुनाव में वोट की चोट से इस सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए संकल्पित है।इस सरकार ने सभी परीक्षाओं में चाहे उत्क्छ हो , खढरउ हो, ,३ इंस्ट्रक्टर हो, सहायक पुलिस कर्मियों की मांग हो, आंगनवाड़ी सहायिका का मामला हो राज्य सरकार ने सर्फ ठगा छलने का काम किया है।इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से सुबोध सिंह गुड्डू, ललित ओझा, बलराम सिंह, जितेंद्र वर्मा, राजू सिंह,प्रिंस कुमार, धर्मेंद्र शुक्ला, अमन, अमिताभ धीरज, सचिन साहू, पूजा सिंह, देवराज सिंह, तूलिका अपूर्वा, सनोज सिंह ,बबलू महतो, जितेंद्र सिंह पटेल,,धीरज अग्रवाल,नीरज कुमार,रवि मुंडा आदि।

## प्रवासी भारतीयों की भूमिका अहम: चिराग



**पटना।** फ्रांस में केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री सह लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक चिराग पासवान फ्रांस में रह रहे भारतीय प्रवासियों से सुखद मुलाकात की। इस बातचीत में चिराग पासवान ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व देश के आर्थिक प्रगति पर प्रकाश डाला और वैश्विक मंच पर भारत की उपस्थिति को मजबूत बनाने में प्रवासी भारतीय की अहम भूमिका पर जोर दिया।साथ ही, भारत-फ्रांस संबंधों को मजबूत करने में उनके अमूल्य योगदान के लिए आभार प्रकट किया और उन्हें भारत की विकास गाथा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया।

# झारखंड चुनाव में एनडीए की बनेगी सरकार, सीट बंटवारे पर कोई विवाद नहीं : डॉ. दिलीप जायसवाल

**पटना।** भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के प्रदेश अध्यक्ष सह भूमि सुधार एवं राजस्व मंत्री डॉ. दिलीप जायसवाल ने आगामी झारखंड,और बिहार उपचुनावों पर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि एनडीए गठबंधन पूरी मजबूती के साथ झारखंड चुनाव लड़ेगा और सहयोगी दलों के साथ किसी भी तरह का विवाद नहीं है। डॉ. जायसवाल ने जोर देकर कहा कि जहां-जहां चुनाव होंगे, वहां इंडी गठबंधन को कड़ी हार का सामना करना पड़ेगा। डॉ. जायसवाल ने तेजस्वी यादव की कल से शुरू हो रही यात्रा पर निशाना साधते हुए कहा कि देश की जनता अब यह बात समझ चुकी है कि विपक्ष और उनके नेता राहुल गांधी देश का नमक खाकर विदेश में जाकर देश के खिलाफ बोलते हैं। इसका खामियाजा इंडी गठबंधन को आने वाले सभी चुनावों में भुगतना पड़ेगा। झारखंड चुनाव को लेकर डॉ. जायसवाल ने कहा, ?एनडीए के बीच बिहार में सीट बंटवारे को लेकर कोई विवाद नहीं है। बिहार उपचुनाव की तैयारी भी अच्छी तरह चल रही है। इमामगंज की सीट पहले से हमारे पास है और अब बेला, तरारी, और रामगढ़ की सीटों को भी विपक्ष से छीनने के लिए हम पूरी तैयारी कर चुके हैं। हमें पूरा विश्वास है कि हमारा प्रदर्शन इस बार भी शानदार रहेगा। तेजस्वी यादव की यात्रा पर कटाक्ष करते हुए उन्होंने कहा, ?तेजस्वी यादव किस मुंह से यात्रा करेंगे? जनता उनसे सवाल करेगी कि जब विधानसभा सत्र चलता है तो वह विदेश चले जाते हैं, जब राज्य में बाढ़ आती है तो भी वह विदेश में होते हैं। अब जब चुनाव का समय है, तब जनता के बीच आकर दिखा रहे हैं। डॉ. जायसवाल ने कहा कि एनडीए की ओर से आगामी सभी चुनावों में शानदार प्रदर्शन की उम्मीद है और जनता का समर्थन बीजेपी व एनडीए के साथ है।

## भारत में सभी समस्याओं की जड़ कांग्रेसः डॉ प्रेम कुमार

**पटना।** बिहार भाजपा के वरीय नेता व बिहार सरकार के सहकारिता सह पर्यावरण,वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री डॉ प्रेम कुमार ने कहा कि देश में जितनी भी गंभीर समस्याएं हैं सभी की जड़ कांग्रेस रही है। आजादी के समय से 60 वर्षों तक के शासनकाल में जिन समस्याओं को कांग्रेस ने बनाकर रखा उसके कारण आज देश और देश की जनता भुगत रही है। चाहे सीमा विवाद हो,चाहे देश का बंटवारा हो,चाहे गरीबी हो,चाहे वक्फ बोर्ड हो,चाहे मंदिर पर टैक्स हो, आदि। सभी समस्याओं को कांग्रेस ने बनाए रखा है। कांग्रेस को सत्ता सुख के लिए सारे कामों को छोड़ जनता से सिर्फ वोट वरगला करके लेने में दिलचस्पी रही। सत्ता के लिए ही कांग्रेस ने देश का बंटवारा स्वीकार किया। देश की गरीब जनता के लिए 60 वर्षों में कांग्रेस ने सही नीति नहीं बनाई। सिर्फ गरीबी हटाओ का नारा देकर गरीब जनता का वोट प्राप्त कर सत्ता सुख भोगते रही। वक्फ बोर्ड को बना सरकारी जमीन को मुसलमानों को मुफ्त में हड़पने दिया। मस्जिद,गिरजाघर को टैक्स फ्री कर, मंदिरों पर टैक्स लगाना और अपने नियंत्रण में मंदिर को रखना। बटवारा के समय धर्म के आधार पर भारत का दो टुकड़ा कर पाकिस्तान बनाया गया लेकिन सभी मुसलमानों को पाकिस्तान में शिफ्ट नहीं करने के कारण देश में हिंदू मुस्लिम_हिंदू नासूर बन गया है।हिंदुओं के हर पर्व_ त्यौहार में मुसलमानों द्वारा किए गए प्रहार का हिंदू खामयाजा भुगतते आ रहा है। कांग्रेस को तो सीमा_विवाद खत्म करने की चाहत ही नहीं कभी रही, जिसके कारण सीमा पर हमारे सैनिकों को निरर्थक समय-समय पर बलिदान देना पड़ता है। भाजपा पूर्व की सभी समस्याओं का निदान करने में प्रयास रत है। देश की जनता के सहयोग से बहुत हद तक समस्याओं का निदान करने का प्रयास केंद्र की मोदी सरकार कर रही है।

# तेजस्वी जी के नेतृत्व में नफरत की राजनीति को समाप्त करके रोजगार और नौकरी परक राजनीति को बढ़ावा मिला : एजाज अहमद



**पटना।** बिहार प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के प्रवक्ता एजाज अहमद ने कहा कि भाजपा अपनी बी टीम के सहारे जो राजनीति करना चाह रही है लेकिन यह बिहार में चलने वाला नहीं है और बिहार की जनता का विश्वास और समर्थन श्री तेजस्वी प्रसाद यादव को प्राप्त है और लोग स्पष्ट रूप से कह रहे हैं की बिहार में नफरत की राजनीति को समाप्त करके नौकरी और रोजगार परक राजनीति को आयाम देकर बिहार से जो संदेश तेजस्वी जी ने दिया उसको देश स्तर पर स्वीकार्यता मिली है।

इन्होंने आगे कहा कि बिहार मे श्री लालू प्रसाद जी ने गंगा- जमुनी संस्कृति को मजबूती प्रदान की और मुसलमानों के हक और अधिकार तथा मान -सम्मान के लिए जो कार्य किया है यह बताने की आवश्यकता नहीं है, बल्कि इससे अल्पसंख्यक समाज अच्छी तरह से वाकिफ है। जहां लालू जी ने सत्ता में रहते हुए अल्पसंख्यक कल्याण मंत्रालय का गठन किया, वहीं अल्पसंख्यक आयोग को कानूनी मान्यता दी, उर्दू को रोजगार से जोड़ने का काम किया और 12500 उर्दू टीचरों की बहाली की और बीएससी के परीक्षा में उर्दू को लिपि के तौर पर शामिल करके बड़े पदों पर जैसे एसडीओ ,डीएसपी ,सीओ,बी डीओ और अन्य बड़े पदों पर मुस्लिम समाज को सुशोभित होने का मौका मिला। इतना ही नहीं कभी भी उन शक्तियों से समझौता नहीं किया जो देश में सांप्रदायिक उन्माद फैलाकर देश के भाईचारा को समाप्त करना चाहते हैं ,इसके लिए लालू प्रसाद जी और तेजस्वी जी ने सारी कठिनाइयां और झंझावात झेले, लेकिन उन लोगों के सामने कभी भी सत्ता और स्वार्थ के लिए समझौता नहीं किया जैसा की जदयू और नीतीश कुमार ने किया है। इतना ही नहीं भाजपा ने अपने आप को बिहार की राजनीति में बनाए रखने के लिए ही बी टीम का सहारा ले रही है ।जबकि बिहार के हरेक वर्ग और जाति का समर्थन और विश्वास तेजस्वी प्रसाद यादव के नेतृत्व को प्राप्त है और बिहार का नौजवान इस बात के प्रति संकल्पित है कि नौकरी और रोजगार तेजस्वी के नेतृत्व में ही मिल सकता है डबल इंजन सरकार में सिर्फ नफरत की राजनीति को बढ़ावा मिल सकता है जैसा कि महागठबंधन सरकार के बाद डबल इंजन सरकार के द्वारा किया जा रहा है।

# विपक्ष बिहार को लालटेन युग में ले जाना चाहता है : राजीव रंजन प्रसाद

**पटना, (संवाददाता)।** जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने स्मार्ट मीटर के विरोध में राजद एवं कांग्रेस के दुष्प्रचार को राज्य को लालटेन युग में धकेलने की कुचेष्टा बताते हुए कहा कि मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार के कालजयी नेतृत्व में बिहार संपूर्ण कायाकल्प की राह पर अग्रसर है, जिसमें ऊर्जा क्षेत्र की एक महत्वपूर्ण भूमिका है।यह बात गैर जिम्मेदार विपक्ष को पच नहीं नहीं रही है।पिछले सितंबर माह में बिजली खपत का 80005 मेगावाट तक दर्ज हुई है। यह न केवल बिहार के बढ़ते बुनियादी ढांचे को प्रमाणित करता है, बल्कि यह यह सुनिश्चित करने के लिए तेजी से उठाए जा रहे कदमों को भी दशार्ता है कि प्रत्येक घर एवं औद्योगिक इकाई को बिजली मिले, जिससे विकास और समृद्धि के प्रति राज्य की प्रतिबद्धता मजबूत होती है।राज्य में बिजली की मांग लगातार बढ़ रही है। बढ़ती जरूरतों को पूरा करने के लिए ट्रांसमिशन और वितरण नेटवर्क के विस्तार और मजबूती पर अथक प्रयास हो रहा है 2005 में अधिकतम मांग 700 मेगावाट थी जो अब बढ़कर 8,005 मेगावाट हो गई है। यह मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की दूरदर्शिता का परिणाम है किउत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल जैसे पड़ोसी राज्यों की तुलना में बिहार सरकार अधिक सस्ती दर पर बिजली उपलब्ध करा रही है। सरकार इस वर्ष सब्सिडी के रूप में 15,343 करोड़ खर्च कर रही है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि उपभोक्ताओं को कम कीमत पर बिजली मिले, जिससे मांग में लगातार वृद्धि हुई है।2005 में बिहार में लगभग 17 लाख बिजली उपभोक्ता थे। आज यह संख्या 2करोड़ 70 लाख से अधिक हो गई है। प्रति व्यक्ति बिजली की खपत, जो 2005 में 70 यूनिट थी, अब बढ़कर 360 यूनिट हो गई है।उपभोक्ताओं की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि और पर्याप्त बिजली आपूर्ति के परिणामस्वरूप पीक डिमांड में वृद्धि हुई है। इस अवधि के दौरान, कृषि फीडरों की संख्या भी 29 से बढ़कर 935 हो गई।बिजली सबस्टेशनों की संख्या 368 से बढ़कर 1,250 हो गई है और 33/11 केवी लाइनों की लंबाई तीन गुना बढ़ गई है। ग्रिड सबस्टेशनों की संख्या 2005 में 45 से बढ़कर आज 168 हो गई है। ट्रांसमिशन लाइनों के विस्तार में भी उल्लेखनीय प्रगति हुई है, जिसकी कुल लंबाई 5,000 सर्किट किमी से बढ़कर 20,328 सर्किट किमी हो गई है। ट्रांसमिशन सिस्टम की बिजली निकासी क्षमता 1,000 मेगावाट से बढ़कर 14,776 मेगावाट हो गई है। अब ऊर्जा विभाग अक्षय ऊर्जा में लगातार प्रगति कर रहा है और राज्य वर्तमान में 1,000 मेगावाट से अधिक सौर ऊर्जा का उपयोग कर रहा है।

# जनता का भरोसा एनडीए पर, बिहार में उपचुनाव वाली चारों सीट जीतेंगे: डॉ संतोष कुमार सुमन

**पटना।** सूचना प्रावैधिकी एवं आपदा प्रबंधन मंत्री डॉ संतोष कुमार सुमन ने महाराष्ट्र और झारखंड में विधानसभा चुनाव के साथ बिहार सहित 15 राज्यों की 48 सीटों पर उपचुनाव कराने की घोषणा का स्वागत करते हुए कहा कि एनडीए में सीटों के तालमेल को लेकर कोई समस्या नहीं है। डॉ सुमन ने कहा कि बिहार में इमामगंज सहित सभी चार सीटों पर एनडीए की जीत होगी। विदेश में थकान मिटाने वाले राजकुमारों के यात्रा करने का कोई असर होने वाला नहीं । उन्होंने कहा कि कांग्रेस के युवराज राहुल गाँधी और राजद के राजकुमार तेजस्वी प्रसाद यादव चुनाव से पहले यात्रा करने का नाटक करते हैं , फिर विदेश चले जाते हैं। ऐसे पार्ट-टाइम नेताओं पर नहीं, जनता का विश्वास एनडीए के उस पूर्णकालिक नेतृत्व पर है, जो बाढ़ जैसी आपदा में पीड़ितों के साथ खड़ा होता है। डॉ सुमन ने कहा कि जो लोग जनता का भरोसा खोने के कारण चुनाव हारते हैं, वे ही बार-बार ईवीएम और चुनाव आयोग पर बेतुके सवाल उठाते हैं । उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर में नेशनल कांफ्रेंस के नेतृत्व वाला गठबंधन जीता, तो ईवीएम ठीक , लेकिन हरियाणा में भाजपा की विजय को ईवीएम से छेड़छाड़ बताकर विपक्ष खुद को हास्यास्पद बना रहा है।

## झारखंड, महाराष्ट्र में एनडीए की होगी शानदार जीत : मंगल

**पटना।** स्वास्थ्य मंत्री श्री मंगल पाण्डेय ने दावा किया है कि झारखंड और महाराष्ट्र विधान सभाओं के चुनाव की घोषणा के साथ ही यह तय हो गया इन दोनों राज्यों में एनडीए की इस बार शानदार जीत होगी। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र के विकसित भारत @ 2047 के संकल्प के साथ आज पूरा देश है। उन्होंने कहा कि झारखंड की जनता जहां इंडी ब्लॉक के भ्रष्टाचार से त्रस्त है, वहीं महाराष्ट्र के राष्ट्रवादी मतदाता महायुति अघाड़ी के घटक दलों की खींचतान और वर्चस्ववादी प्रवृति से मुक्ति चाहती है। विकास का स्वाद चख चुकी महाराष्ट्र की जनता अघाड़ी की किसी झांसा में आने वाली नहीं है। श्री पाण्डेय ने कहा कि झारखंड और महाराष्ट्र के चुनाव की तारीखों के ऐलान के साथ ही वहां के मतदाताओं ने हर चुनाव की तरह भाजपा और एनडीए के पक्ष में रिकॉर्ड बनाने का मन बना लिया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों की विभाजनकारी नीतियों और देश को तोड़ने की साजिशों से झारखंड और महाराष्ट्र की जनता को सचेत रहने की जरूरत है।

## राज्य निवेश प्रोत्साहन बोर्ड की बैठक संपन्न

**पटना।** विकास आयुक्त, बिहार की अध्यक्षता में राज्य निवेश प्रोत्साहन बोर्ड की बैठक की गयी ।बैठक में कुल 62 इकाईयों में सन्निहित रु.2347.47 करोड़ की स्टेज 1 सैद्धांतिक सहमति प्रदान की गयी। साथ ही कुल 45 इकाईयों में सन्निहित रु.868.69 करोड़ की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गयी। उल्लेखनीय है कि अब तक राज्य मे वित्तीय वर्ष 2024 25 में अब तक कुल 243 इकाईयो को कुल रु.4646.57 करोड़ की स्टेज 1 स्वीकृति एवं 146 इकाईयो को रु.1723 करोड़ की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है। बैठक में जे के सीमेंट, ब्रिटानिया, पटेल एग्री, एस जे पी बी हथुआ मिल, पिनाक्ष स्टील साहित अन्य इकाइयो को स्वीकृति प्रदान कि गयी।

## संक्षिप्त समाचार

### इंटक प्रदेश अध्यक्ष चंद्र प्रकाश सिंह परिवहन कामगारों का वर्ल्ड कांग्रेस में भाग लेने हेतु मोरक्को गए



**पटना।** राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस (इंटक) के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष- सह -प्रदेश अध्यक्ष चंद्र प्रकाश सिंह मोरक्को में आईटीएफ ग्लोबल यूनियन द्वारा आयोजित दूनियां को आगे बढ़ाने वाले परिवहन कामगारों का वर्ल्ड कांग्रेस में भाग लेने के लिए रवाना हुए। श्री सिंह ने बताया कि उक्त कांग्रेस में परिवहन कर्मियों से संबंधित कई प्रस्तावों पर चर्चा की जाएगी। जिसमें सुरक्षित वेतन, सम्मान के साथ कार्य, परिवहन कर्मचारियों के लिए समानता, सामूहिक सौदेबाजी एवं संगठित होने का अधिकार, हर इंसान को शांति एवं सुरक्षा का अधिकार, हर परिवहन कर्मचारी का मानवाधिकार, पेंशन का अधिकार, रोजगार संबंध का अधिकार एवं अंतर्राष्ट्रीय सौदेबाजी मंच आदि शामिल हैं। इस वर्ल्ड कांग्रेस में 150 देशों के परिवहन कर्मियों के ट्रेड यूनियन प्रतिनिधिगण भाग लेने लेंगे।

### 28 नवम्बर को गांधी मैदान पटना में होगी ऐतिहासिक रैली: राजू तिवारी



**पटना।** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के प्रदेश अध्यक्ष श्री राजू तिवारी जी की अध्यक्षता में पार्टी के बिहार प्रदेश कार्यालय श्रीकृष्णापुरी पटना में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। जिसमें रैली को ऐतिहासिक बनाने को लेकर विभिन्न बिन्दुओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। उक्त बैठक में पार्टी के सभी वरीय प्रदेश पदाधिकारी शामिल हुयें और उक्त रैली को सफल बनाने को लेकर अपने-अपने सूझाव और विचार रखें। रैली को सफल बनाने को लेकर सभी जिलों में बैठक किया जायेंगा। सभी सांसदों को भी विभिन्न जिलों की जिम्मेवारी सौपी जायेगी। जिससे ज्यादा से ज्यादा लोगों की प्रदेष के विभिन्न क्षेत्रों से उपस्थिति सुनिश्चित हो सकें। पार्टी के मुख्य प्रदेश प्रवक्ता डॉ0 राजश भट्ट ने प्रेस को बताया कि उक्त बैठक में मुख्य रूप से लोजपा (रा) के प्रदेश प्रधान महासचिव संजय पासवान, प्रदेश चुनाव अभियान प्रमुख सुरेन्द्र विवेक, प्रदेश उपाध्यक्ष अशरफ अंसारी, प्रचार-प्रसार प्रमुख संजय कुमार सिंह, युवा प्रदेश अध्यक्ष वेद प्रकाश पाण्डेय, सदस्यता अभियान प्रभारी संजय रविदास, अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ अध्यक्ष मनोज कुमार, कार्यकारी अध्यक्ष शंकर शर्मा, लेबर सेल अध्यक्ष रामप्रवेश यादव, कलमजीवी प्रकोष्ठ अध्यक्ष सुधांशु रंजन, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ अध्यक्ष सलीम शाहिल, चिकित्सा प्रकोष्ठ डॉ0 अजय कुमार, पंचायती राज प्रकोष्ठ अध्यक्ष इन्दिरा देवी, किसान प्रकोष्ठ अध्यक्ष सुरेन्द्र ठाकुर, एससी/एसटी प्रकोष्ठ अध्यक्ष परशुराम पासवान, प्रदेश महासचिव मिथलेश निषाद, रविरंजन प्रसाद सिंह इत्यादि मौजूद थे।

# तेजस्वी यादव को 'कार्यकर्ता दर्शन' से पहले 'आत्म मंथन' की जरूरतः मंत्री नितिन नवीन




**पटना।** बिहार के नगर विकास एवं आवास मंत्री और बांकीपुर से भाजपा विधायक माननीय श्री नितिन नवीन जी ने तेजस्वी यादव की 'कार्यकर्ता दर्शन' का पोल खोलने का काम किया। उन्होंने बताया कि कैसे तेजस्वी अपने पिता की तरह ही जनता को बेवकूफ बनाने का काम कर रहे है। उन्होंने कहा कि तेजस्वी यादव को 'कार्यकर्ता दर्शन' से पहले 'आत्म मंथन' की जरूरत है। उन्हें ये समझने की जरूरत है कि जनता अब उनके बेहकावे में नहीं आने वाली है। बिहार के युवा राजद की चाल को समझ गए है। वो अब दिग्भ्रमित नहीं होने वाले है। दरअसल, कल यानी 16 अक्टूबर से तेजस्वी यादव बांका जिले से अपनी यात्रा शुरू करने वाले है। उनकी इस यात्रा पर माननीय मंत्री जी ने कहा कि विधानसभा में जब सवाल उठाने का वक़्त आता है तो तेजस्वी विदेशी दौरे पर चले जाते है, बिहार में जब बाढ़ आता है तो वो विदेशी दौरे पर चले जाते है, जब उनका कोई कार्यकर्ता मुसीबत में होता है तो वो उसे छोड़ विदेश दौरे पर चले जाते है। वहीं, जब वो चुनाव हार जाते है तो हार का ठिकड़ा फोड़ने के लिए कार्यकर्ता के बीच चले आते है। मेरा कहना है कि आखिर ऐसी नौबत ही क्यों आती है कि उन्हें अपने कार्यकर्ता से भी मिलने के लिए यात्रा पर निकलना पड़ता है। इससे ज्यादा शर्म की बात क्या हो सकती है। वहीं, उन्होंने कहा कि वो अब कार्यकर्ता को बेवकूफ बनाना छोड़ दें, क्योंकि उन्हें अपने कार्यकताओं से भी कोई लेना देना नहीं होता। फिलहाल तेजस्वी यादव को अपने पिता का साथ देना चाहिए, क्योंकि लैंड फॉर जॉब मामले में लालू यादव को अकेले ही कोर्ट का यात्रा करना पड़ रहा है।

माननीय मंत्री जी ने कहा कि तेजस्वी यादव को अब तक ये बात समझ में आ जाना चाहिए कि इस तरह की यात्रा से वो सिर्फ अपना वक़्त बर्बाद कर रहे है। राजद के कार्यकताओं को भी पता है कि तेजस्वी सिर्फ जुम्लेबाज है।

वो बस जनता को दिग्भ्रमित कर है। वो अपने पिता की राह पर ही चल रहे है, जिस तरह से उनके पिता लालू यादव को विकास से कोई लेना देना नहीं था, उसी तरह अब उनका हाल है।

## रालोमो कार्यालय में पूर्व राष्ट्रपति अब्दुल कलाम जयंती का आयोजन



**पटना।** राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रदेश कार्यालय में पूर्व राष्ट्रपति भारत रत्न ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम की जयंती का आयोजन किया गया। प्रदेश अध्यक्ष मदन चौधरी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में पार्टी के नेताओं ने अब्दुल कलाम के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। सभा को सम्बोधित करते हुए मदन चौधरी ने कहा कि अब्दुल कलाम महान वैज्ञानिक और शिक्षाविद थे, उनके सादगीपूर्ण एवं संघर्षपूर्ण जीवन ने हम सब के लिए एक आदर्श प्रस्तुत किया है। उक्त आशय कि जानकारी देते हुए प्रदेश प्रवक्ता नितिन भारती ने बतलाया कि इस अवसर पर प्रदेश महासचिव प्रशांत पंकज, हेमन्त कुशवाहा, पिंटू कुशवाहा, अशोक मेहता,खुर्शीद अहमद,राघवेंद्र कुशवाहा, अशोक राम, मो. खुर्शीद अहमद, अशोक कुशवाहा, विनोद कुमार पप्पू, देवव्रत कुशवाहा, रोहित कुशवाहा, राजेन्द्र प्रसाद, पप्पू वर्मा, वैधनाथ शर्मा, माधुरी पटेल समेत अनेको नेताओं ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

# बिहार राज्य की जलवायु अनुकूलन एवं न्यून कार्बन उत्सर्जन विकास रणनीति के क्रियान्वयन संबंधित क्षमता विकास कार्यक्रम अंतर्गत पटना में कार्यशाला आयोजित

**पटना।** मंगलवार को पटना में कार्बन न्यूट्रल राज्य बनाने की दिशा में 'बिहार राज्य की जलवायु अनुकूलन एवं न्यून कार्बन उत्सर्जन विकास रणनीति' के क्रियान्वयन संबंधित क्षमता विकास कार्यक्रम अंतर्गत प्रमंडलीय स्तर प्रसार कार्यशाला का आयोजन किया गया ।

कार्यक्रम का शुभारंभ पटना के प्रमंडलीय आयुक्त श्री मयंक वरवड़े की अध्यक्षता में किया गया। अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा की बिहार जलवायु परिवर्तन के प्रभावों के प्रति अत्यधिक संवेदनशील है, जिसका प्रमाण उत्तरी बिहार में आने वाली वार्षिक बाढ़ और राज्य के दक्षिणी हिस्सों में सूखे के रूप में देखा जा सकता है। इसलिए, बिहार के लिए इस बिहार राज्य की जलवायु अनुकूलन एवं न्यून कार्बन उत्सर्जन विकास रणनीति पर काम करना आने वाली पीढ़ियों के लिए हमारी जलवायु को सरंक्षित करने की दिशा में एक सराहनीय कदम है।

बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण परिषद के सदस्य सचिव श्री नीरज नारायण ने उदघाटन सम्बोधन में कहा की भारत सरकार के संकल्प के अनुसरण में, बिहार ने 2070 तक राज्य को कार्बन न्यूट्रल बनाने का संकल्प लिया है। यह लक्ष्य राज्य सरकार के विभिन्न विभागों जैसे ऊर्जा, कृषि, परिवहन और जल संसाधन विभाग सहित अन्य हितधारकों के बीच समन्वित प्रयासों से प्राप्त किया जा सकता है। पिछले 2.5 वर्षों से जलवायु अनुकूलन एवं न्यून कार्बन



उत्सर्जन विकास रणनीति पर कार्य हो रहा है, जिसके अंतर्गत 250 से अधिक हितधारक परामर्श बैठकें हुईं, जिनके परिणामस्वरूप इस रणनीति का निर्माण किया गया है।

अपने स्वागत संबोधन में उप-विकास आयुक्त , श्री समीर सौरभ ने कहा की 'अर्थव्यवस्था बनाम पर्यावरण' पर बहस औद्योगिकीकरण के बाद से चल रही है। लेकिन यह जरूरी नहीं है कि ये दोनों हमेशा विरोध में हों; ये समानांतर रूप से आगे बढ़ सकते हैं। बिहार ने जलवायु कार्रवाई के लिए सक्रिय कदम उठाए हैं, जिसमें बिहार राज्य की जलवायु अनुकूलन एवं न्यून कार्बन उत्सर्जन विकास रणनीति शामिल है। यह रिपोर्ट जलवायु अनुकूलता और अनुकूलन के लिए उठाए जाने वाले कदमों की बात करती है।

बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण परिषद के वरिष्ठ वैज्ञानिक श्री नवीन कुमार ने अपने उद्बोधन में कहा की जलवायु परिवर्तन एक वैश्विक चिंता का विषय है। इस मुद्दे की तात्कालिकता को स्वीकारते हुए, बिहार सरकार और UNEP ने फरवरी 2021 में जलवायु-लचीला और निम्न-कार्बन विकास पथ के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इस परियोजना पर एक रिपोर्ट इस साल मार्च में जारी की गई थी।कार्यशाला की विस्तृत जानकारी डब्लू.आर.आई. इंडिया के वरीय प्रोग्राम प्रबन्धक डॉ. शशिधर कुमार झा एवं प्रबन्धक श्री मणि भूषण कुमार झा द्वारा दी गई। श्री मणि भूषण ने कहा की वर्तमान में बिहार राज्य लगभग 9.7 करोड़ टन कार्बन डाईऑक्साइड के समतुल्य कार्बन उत्सर्जन करता है, जो कि भारत के सम्पूर्ण उत्सर्जन का लगभग 3% है। आने वाले वर्षों में राज्य में विकास की गति बढ़ने से कार्बन उत्सर्जन और भी बढ़ सकता है, लेकिन नेट जीरो रणनीति को अपनाने से कार्बन उत्सर्जन में तुलनात्मक रूप से कमी लायी जा सकती है, परिणाम स्वरूप जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों को भी कम किया जा सकता है। डॉ. शशिधर ने अपने वक्तव्य में कहा कि बिहार में पिछले 50 सालों में तापमान में 0.8 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि हुई है और 2030 तक तापमान में 0.8- 1.3 डिग्री सेल्सियस, 2050 तक 1.4- 1.7 डिग्री सेल्सियस और 2070 तक 1.8- 2.5 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होने का अनुमान है।

# पुलिस ने किया साइबर ठगी गिरोह का भंडाफोड़, 19 फर्जी एटीएम कार्ड और 15 सिम कार्ड के साथ पांच गिरफ्तार

**बिहारशरीफ (नवशक्ति)।** मानपुर थाना पुलिस ने एक बड़े साइबर ठगी गिरोह का पदार्फाश करते हुए पांच साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई 14-15 अक्टूबर की रात को धनकी मोड़ और बड़की धनुकी के पास छापेमारी कर की गई, जहां से पुलिस ने बड़ी मात्रा में फर्जी सिम कार्ड, एटीएम कार्ड, मोबाइल फोन, और ठगी से जुड़े दस्तावेज बरामद किए। इस गिरोह के सदस्यों पर फेसबुक एड और अन्य ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स के जरिए लोगों से ठगी करने का आरोप है।

**गिरोह का पदार्फाश ऐसे हुआ:** पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि साइबर ठगी गिरोह के कुछ सदस्य फर्जी सिम कार्ड और एटीएम कार्ड गिरोह के अन्य सदस्यों तक पहुंचाने के लिए जा रहे हैं। इस सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने मानपुर स्थित धनकी मोड़ पर छापा मारा, जहां एक मोटरसाइकिल पर सवार तीन व्यक्तियों झ्र पृथ्वीराज कुमार, मोनू कुमार, और पंकज कुमार को गिरफ्तार किया गया। इनके पास से 19 फर्जी एटीएम कार्ड, 15 सिम कार्ड और तीन मोबाइल फोन बरामद हुए। आरोपियों ने बताया कि वे यह सामग्री सोनू चौधरी नामक व्यक्ति को पहुंचाने जा रहे थे, जो पलनी गांव का रहने वाला है।

**दूसरी छापेमारी:** पहली गिरफ्तारी के बाद मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने बड़की धनुकी स्थित बजरंगबली मंदिर के पास एक और छापा मारा, जहां से दो



अन्य व्यक्ति झ्र मंटू कुमार और प्रदीप कुमार को गिरफ्तार किया गया। इनके पास से एक मोटरसाइकिल, दो मोबाइल फोन, और ठगी से संबंधित दस्तावेज बरामद हुए। दस्तावेज में ठगी किए गए व्यक्तियों के नाम, ईमेल और ठगी की राशि दर्ज थी। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे फेसबुक पर एड डालकर लोगों से ठगी करते थे।

**पुलिस की टीम और बरामद सामान:** गिरफ्तारी के दौरान पुलिस ने कुल 19 प्लेटिनम एटीएम कार्ड, 15 फर्जी सिम कार्ड, पांच मोबाइल फोन, दो मोटरसाइकिल, और ठगी से जुड़े दस्तावेज बरामद किए।

**गिरफ्तार किए गए पांचों आरोपी निम्नलिखित हैं:**

1. पृथ्वीराज कुमार, पिता- लक्ष्मण प्रसाद, निवासी- परमा, थाना- नारदीगंज, जिला- नवादा
2. मोनू कुमार उर्फ आशिक राज, पिता- उपेंद्र कुमार, निवासी- सोनवर्षा, थाना- वारसलीगंज, जिला- नवादा
3. पंकज कुमार, पिता- कमलेश प्रसाद, निवासी- सोनवर्षा, थाना- वारसलीगंज, जिला- नवादा
4. मंटू कुमार, पिता- राजेंद्र राउत, निवासी- गोनवा, थाना- मानपुर, जिला- नालंदा
5. प्रदीप कुमार, पिता- अशोक राउत, निवासी- सिंगथु, थाना- मानपुर, जिला- नालंदा

पुलिस अब गिरोह के सरगना सोनू चौधरी की तलाश में संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है।

**पुलिस टीम की तत्परता:** यह पूरी कार्रवाई पु.अ.नि. सुमन कुमार और पु.अ.नि. रविशंकर अवस्थी के नेतृत्व में की गई। इनके साथ सिपाही कमलेश प्रजापति, सिपाही रविंद्र कुमार और सिपाही सनोज रजक ने भी सक्रिय भूमिका निभाई। मानपुर थाना पुलिस के इस सफल ऑपरेशन से साइबर अपराधियों पर कड़ी कार्रवाई का संदेश गया है।

**आगे की कार्रवाई जारी:** पकड़े गए अभियुक्तों से पूछताछ की जा रही है और आगे की जांच के लिए अन्य संभावित ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है। पुलिस ने इस मामले में और भी गिरफ्तारियां होने की संभावना जताई है।

## मुख्य सचिव द्वारा विभागीय कार्यों की समीक्षा की गई



**जमुई (प्रभाकर कुमार )।** बिहार में विकासात्मक कार्यों में तीव्र गति लाने के मद्देनजर मुख्य सचिव श्री अमृत लाल मीणा ने आज (मंगलवार) को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कार्यों की समीक्षा की और जरूरी निर्देश दिए। जिलाधिकारी महोदया श्रीमति अभिलाषा शर्मा का नेतृत्व में सभी संबंधित विभागों के पदाधिकारियों जिलाधिकारी के कार्यालय कक्ष में आयोजित समीक्षा बैठक में भाग लिया।मुख्य सचिव ने भवन निर्माण विभाग, उद्योग विभाग, ऊर्जा विभाग, सूचना प्रौद्योगिकी विभाग, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, ग्रामीण कार्य विभाग, पथ निर्माण विभाग, नगर विकास एवं आवास विभाग, पर्यटन विभाग तथा योजना एवं विकास विभाग के प्रगति प्रतिवेदन को देखा और कार्यों में तेजी लाने का निदेश दिया। उन्होंने मौजूद विभागीय अधिकारियों को समय-सीमा के भीतर देय दायित्वों का निर्वाहन किए जाने को कहा। साथ ही सभी विभागीय पदाधिकारियों को विभागीय समन्वय बनाकर कार्य करने का निदेश दिया जिलाधिकारी महोदया ने मौके पर सरकार के कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर गति दिए जाने का निर्देश सभी सम्बन्धित पदाधिकारियों को देते हुए कहा कि किसी भी सूरत मे अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।अपर समहर्ता जमुई, उप विकास आयुक्त जमुई , जिला पंचायती राज पदाधिकारी, जिला योजना पदाधिकारी समेत सभी सम्बंधित पदाधिकारी विडियो कांफ्रेंस में उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### भारत गैस द्वारा सुरक्षा कार्यक्रम आयोजित, महिलाओं को गैस के सुरक्षित उपयोग की दी गई जानकारी



**थरथरी(नालंदा)(नवशक्ति)।** मंगलवार को थरथरी स्थित श्री श्याम भारत गैस ग्रामीण वितरक एजेंसी पर भारत गैस कंपनी द्वारा एक विशेष गैस सुरक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं और अन्य उपयोगकताओं को गैस सिलेंडर के सुरक्षित उपयोग और संभावित दुर्घटनाओं से बचाव के तरीकों के बारे में जागरूक करना था। कार्यक्रम में बिहार-झारखंड हेड अमित मित्तल ने उपस्थित लोगों को बताया कि गैस सिलेंडर का उपयोग बहुत सावधानी से करना चाहिए और हमें इसकी सुरक्षा के बारे में पूरी जानकारी होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि गैस लीकेज से होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए हमें सिलेंडर के साथ जुड़े रेगुलेटर को उपयोग के बाद बंद कर देना चाहिए। यह न सिर्फ गैस की बचत करता है बल्कि सुरक्षा के लिहाज से भी आवश्यक है।

दक्षिण बिहार हेड अंशुल ने बताया कि गैस का उपयोग जरूरत के हिसाब से करना चाहिए और अनावश्यक रूप से गैस बर्बाद नहीं करना चाहिए। उन्होंने बताया कि सिलेंडर की देखरेख और सही तरीके से उपयोग गैस से संबंधित दुर्घटनाओं को रोकने में सहायक हो सकता है। आनंद मोहन उर्फ अप्पू ने ग्रामीणों को पुराने समय के चूल्हे पर खाना पकाने के तरीकों और उससे होने वाली समस्याओं के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पहले चूल्हे पर खाना बनाने से न केवल घर की दीवारें काली हो जाती थीं, बल्कि महिलाओं की आंखों में धुएं की वजह से परेशानी भी होती थी। उन्होंने उज्ज्वला योजना के तहत मिले सिलेंडरों का उपयोग करते समय सुरक्षा उपायों को ध्यान में रखने का आग्रह किया। इस दौरान कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं ने भी अपने विचार और सवाल रखे। गुड़िया देवी ने सिलेंडर की बढ़ती कीमतों को लेकर सवाल उठाया, जिस पर अधिकारियों ने उन्हें उचित समाधान का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में बबलू गिरी, मुरारी प्रसाद, रंजीत कुमार, रविशंकर कुमार, सन्नी कुमार, भूषण प्रसाद, अम्बिका कुमारी और अन्य ग्रामीण महिलाओं ने सक्रिय रूप से भाग लिया और गैस सुरक्षा के बारे में महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्राप्त कीं। कार्यक्रम का समापन गैस सिलेंडर के सुरक्षित उपयोग और दुर्घटनाओं से बचने के उपायों पर चर्चा के साथ हुआ, जिसमें सभी ने गैस सुरक्षा के प्रति जागरूकता का संकल्प लिया।

### पैक्स चुनाव को लेकर बीडीओ ने किया मतदान केंद्रों का निरीक्षण




**थरथरी(नालंदा)(नवशक्ति)।** प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) गौरी कुमारी ने मंगलवार को थरथरी प्रखंड के विभिन्न पैक्स चुनाव मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि प्रखंड के थरथरी, छरियारी बुजुर्ग, जैतपुर, नारायणपुर और कचहरिया में स्थित मतदान केंद्रों का दौरा किया गया, जहां उन्होंने मतदान केंद्रों पर आवश्यक मूलभूत सुविधाओं जैसे साफ-सफाई, बिजली और पानी की व्यवस्था को लेकर संबंधित पंचायत कर्मियों को निर्देशित किया। बीडीओ गौरी कुमारी ने बताया कि पैक्स (प्राथमिक कृषि साख समिति) के अध्यक्ष और समिति सदस्यों का चुनाव कराया जाना है। हालांकि, अभी चुनाव की तिथि घोषित नहीं हुई है, लेकिन संभावना है कि यह चुनाव नवंबर महीने में आयोजित किया जाएगा। यह मतदान बैलेट पेपर के माध्यम से ही संपन्न होगा और इसकी तैयारी शुरू कर दी गई है। निरीक्षण के दौरान बीडीओ ने यह सुनिश्चित किया कि मतदान केंद्रों पर सभी सुविधाएं उपलब्ध हों ताकि मतदान प्रक्रिया सुचारू रूप से संपन्न हो सके। पंचायत कर्मियों को निर्देश दिया गया है कि सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय से पूरी कर ली जाएं।

## विश्व हाथ धुलाई दिवस पर स्वच्छता और स्वास्थ्य के महत्व पर जोर




**थरथरी(नालंदा)(नवशक्ति)।** मंगलवार को थरथरी प्रखंड क्षेत्र के कचहरिया, अतवल विगहा, सैदवरही, छोटी छरियारी, बांसडीह, करियावां, महानंदचक, भातु विगहा, रघुनाथपुर, वेरमा, मेहत्रावां, धर्मपुर, लक्खाचक, प्रतापुर, जैतपुर, भतहर, गंगा विगहा, श्रीनगर समेत दर्जनों विद्यालयों में विश्व हाथ धुलाई दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान बच्चों को हाथ धोने के महत्व और सही तकनीक के बारे में बताया गया।

कार्यक्रम में विशेष रूप से विद्यालय शिक्षा अधिकारी (वीईओ) पुष्पा कुमारी की उपस्थिति रही। उन्होंने बताया कि कक्षावार छात्र-छात्राओं के क्रमबद्ध तरीके से हाथ धुलवाए गए और बाल कैबिनेट के सदस्यों ने इस आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों (एचएम) ने बच्चों को बताया कि स्वास्थ्य अनुसंधानों के अनुसार, साबुन से हाथ धोने से कई बीमारियों को रोका जा सकता है। विशेषकर पेट संबंधी बीमारियों का एक बड़ा कारण गंदे हाथों से भोजन करना है, इसलिए भोजन से पहले और शौच के बाद साबुन से हाथ धोना आवश्यक है। मध्याह्न भोजन (एमडीएम) प्रखंड साधनसेवी विक्की कुमार ने कहा कि इस अवसर पर शिक्षकों ने हाथ धोने के विभिन्न चरणों को बहुत ही विस्तृत ढंग से समझाया। उन्होंने कहा कि स्वच्छता और स्वास्थ्य का आपसी संबंध है और साफ-सफाई हमारे जीवन को स्वस्थ और स्वच्छ बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इस कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षकों और बच्चों ने बड़े उत्साह से भाग लिया और स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया।

## "राज्य सरकार ने मेरा प्रखंड, मेरा गौरव प्रतियोगिता के माध्यम से नए पर्यटन स्थलों के विकास की एक नई पहल की है

**जमुई, (प्रभाकर कुमार)।** बिहार के जमुई जिला में राज्य सरकार ने मेरा प्रखंड, मेरा गौरव प्रतियोगिता के माध्यम से नए पर्यटन स्थलों के विकास की एक नई पहल की है। इस योजना में आमजनों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए फोटो और वीडियो प्रतियोगिता होगी। जिले में भी इसका क्रियान्वयन किया जा रहा है।इस प्रतियोगिता के संबंध में जिला पदाधिकारी, जमुई श्रीमति अभिलाषा शर्मा ने बताया कि बिहार सरकार के पर्यटन विभाग द्वारा शुरू किए गए प्रतियोगिता ह्यमेरा प्रखंड, मेरा गौरव का मकसद जिले के वैसे पर्यटन स्थलों को चिन्हित करना है जो अब तक प्रशासन की नजर से दूर है।इस प्रतियोगिता का उद्देश्य ऐसे पर्यटन स्थलों को स्थानीय लोगों की मदद से प्रकाश में लाना है।




प्रतियोगिता पूरी तरह से ऑनलाइन है। प्रत्येक प्रखंड से एक प्रतिभागी अपने प्रखंड के अंदर किसी ऐसे स्थल की पहचान करेंगें जो अब तक अनदेखा रहा है, लेकिन पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण हो सकता है।प्रतियोगिता के लिए प्रतिभागी द्वारा चयनित पर्यटन स्थल का अच्छी गुणवत्ता का फोटो और वीडियो अपलोड करना होगा ताकि स्थल की विशेषताएं स्पष्ट रूप से दिख सके। एक शर्त ये है कि वीडियो प्रतियोगिता अवधि में शूट किया हुआ होना चाहिए। प्रतियोगिता में शामिल होने की अंतिम तिथि एक नवंबर है। इस प्रतियोगिता में चार श्रेणियों ज्यूरी अवार्ड, पीपुल्स चॉइस अवार्ड, सांत्वना पुरस्कार और अन्य पुरस्कार है।जिलाधिकारी महोदया द्वारा बताया गया कि प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए इच्छुक प्रतिभागी राज्य सरकार के विभागीय वेबसाइट पर निबंधन कर सकते हैं या फिर पर्यटन प्रभारीझ्रसहझ्रजिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

## बिहारशरीफ नगर निगम की राजस्व वसूली की हुई समीक्षा बैठक, टैक्स वसूली में तेजी लाने के निर्देश

**बिहारशरीफ( नवशक्ति)।** मंगलवार को बिहारशरीफ नगर निगम में नगर आयुक्त दीपक कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में राजस्व वसूली की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में उप नगर आयुक्त, राजस्व पदाधिकारी, सहायक राजस्व पदाधिकारी, कर-संग्राहक और राजस्व कर्मी उपस्थित रहे। इस दौरान प्रोपर्टी टैक्स, ट्रेड लाइसेंस और अतिक्रमण जैसे मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई।

**प्रोपर्टी टैक्स वसूली की स्थिति:** समीक्षा बैठक में बताया गया कि अब तक प्रोपर्टी टैक्स की वसूली 68.65 प्रतिशत हुई है। जिन कर-संग्राहकों की वसूली 70 प्रतिशत से कम रही है, उन्हें एक सप्ताह के भीतर वसूली में सुधार करने के सख्त निर्देश दिए गए। नगर आयुक्त ने उप नगर आयुक्तों को निर्देशित किया कि वे उन भू-स्वामियों पर कार्रवाई करें जिन्होंने लंबे समय से प्रोपर्टी टैक्स का भुगतान नहीं किया है। उन्हें विधिवत नोटिस जारी कर नियमानुसार कुर्की जब्ती



और अन्य कानूनी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।

**अतिक्रमण हटाने का आदेश:** बैठक में कर-संग्राहकों को अपने-अपने क्षेत्रों में अनधिकृत अतिक्रमण की पहचान कर उसकी लिखित रिपोर्ट तैयार करने का निर्देश दिया गया। यह अतिक्रमण अस्थाई संरचनाओं, जैसे अस्टी, सीढ़ी या पहुंची के रूप में हो सकता है। राजस्व पदाधिकारी और सहायक राजस्व पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि वे अतिक्रमणकताओं को नोटिस जारी करें और निर्धारित समय सीमा समाप्त होने के बाद अतिक्रमण हटाना सुनिश्चित करें।

**ट्रेड लाइसेंस वसूली पर जोर:** सभी कर-संग्राहकों को अपने क्षेत्रों में ट्रेड लाइसेंस वसूली को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए गए। राजस्व पदाधिकारी को निर्देशित किया गया कि ट्रेड लाइसेंस वसूली को रोस्टर के अनुसार सुनिश्चित किया जाए। नगर आयुक्त ने स्पष्ट रूप से कहा कि जो कर-संग्राहक अपने निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप वसूली नहीं करेंगे, उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

**कड़ी कार्रवाई के संकेत:** बैठक में नगर आयुक्त ने यह भी चेतावनी दी कि जिन कर-संग्राहकों द्वारा वसूली में सुधार नहीं किया जाएगा, उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि नगर निगम के राजस्व स्त्रोतों से वसूली बढ़ाने के लिए यह आवश्यक है कि सभी अधिकारी और कर्मचारी अपनी जिम्मेदारियों को गंभीरता से निभाएं और कर वसूली के लक्ष्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा करें।

## स्थानांतरण पर विदाई-सह-सम्मान समारोह: नालंदा डीएम ने दी उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं




**बिहारशरीफ(नवशक्ति)।** मंगलवार को हरदेव भवन सभागार में नालंदा जिलाधिकारी शशांक शुभंकर की उपस्थिति में स्थानांतरण के उपरांत विदाई-सह-सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बिहारशरीफ अनुमंडल लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी रंजीत कुमार और जिला स्थापना उप समाहर्ता रविंद्र कुमार को सम्मानित किया गया। समारोह के दौरान दोनों अधिकारियों के कार्यकाल की सराहना की गई और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।कार्यक्रम का संचालन मंजीत कुमार, अपर समाहर्ता, नालंदा द्वारा किया गया। जिलाधिकारी शशांक शुभंकर ने विदाई के मौके पर संबंधित अधिकारियों के स्वस्थ जीवन और आगामी सफलताओं के लिए शुभकामनाएं व्यक्त कीं। उन्होंने कहा कि नालंदा में उनके द्वारा किए गए कार्यों का हमेशा स्मरण रहेगा।

इस अवसर पर उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता आपदा, एवं कई अन्य प्रशासनिक पदाधिकारी और कर्मचारी भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में अधिकारियों ने उनके सहयोगात्मक कार्यशैली और समर्पण की तारीफ करते हुए भविष्य में भी उनकी सफलता की कामना की।

## आरजीएल उच्च विद्यालय छबीलापुर में अंतरराष्ट्रीय हाथ धुलाई, विश्व विद्यार्थी और व्हाइट केन दिवस का भव्य आयोजन

**बिहारशरीफ(नवशक्ति)।** मंगलवार को आरजीएल उच्च विद्यालय छबीलापुर में तीन महत्वपूर्ण दिवसों का एक साथ आयोजन किया गया। अंतरराष्ट्रीय हाथ धुलाई दिवस, विश्व विद्यार्थी दिवस और विश्व व्हाइट केन दिवस के अवसर पर विद्यालय में कई जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर प्रभारी प्रधानाध्यापक ओंकार देव आर्य, शिक्षक अजय कुमार, स्काउट गाइड अशोक कुमार समेत विद्यालय के अन्य शिक्षक और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

**नेत्रहीनों की उपलब्धियों का सम्मान:** अजय कुमार ने विश्व व्हाइट केन दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह दिवस नेत्रहीनों की उपलब्धियों और उनके संघर्षों का सम्मान करने के लिए मनाया जाता है। उन्होंने इसे एक मील का पत्थर बताते हुए कहा कि यह दिन हमें उन लोगों की हिम्मत और संघर्ष की याद दिलाता है, जो नेत्रहीन होते हुए भी समाज में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं।

**विश्व विद्यार्थी दिवस पर प्रेरक संदेश:** स्काउट गाइड अशोक कुमार ने विश्व विद्यार्थी दिवस के अवसर पर बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि सपने तभी सच होते हैं, जब हम सपने देखना शुरू करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि कड़ी मेहनत और समर्पण से वे अपने सपनों को साकार कर सकते हैं। इस अवसर पर उपस्थित सभी विद्यार्थियों ने अपने जीवन में महान लक्ष्यों को प्राप्त करने का संकल्प लिया।महिलाओं के सम्मान का



**संकल्प:** प्रभारी प्रधानाध्यापक ओंकार देव आर्य ने अंतरराष्ट्रीय ग्रामीण महिला दिवस के अवसर पर बच्चों से महिलाओं के सम्मान का संकल्प लेने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि समाज में महिलाओं का सम्मान और उनका योगदान अनमोल है, इसलिए हमें उनका आदर और सम्मान हर दिन करना चाहिए।

**हाथ धुलाई और स्वच्छता की महत्ता पर विशेष सत्र:** अजय कुमार ने अंतरराष्ट्रीय हाथ धुलाई दिवस के अवसर पर साफ-सफाई की महत्ता पर जोर दिया। उन्होंने बच्चों को स्वच्छता के मूल मंत्र देते हुए कहा कि स्वच्छता ही स्वस्थ जीवन की कुंजी है। कुंज बिहारी कुंजेश, रौशन कुमार सिंह और शंकर कुमार ने बच्चों को 20 सेकंड तक सही तरीके से हाथ धोने के महत्वपूर्ण कदमों के बारे में जानकारी दी। **संगीत के माध्यम से स्वच्छता का संदेश:** विद्यालय की छात्राओं कल्पना, रेखा, शिखा कुमारी, सोनल, साक्षी और राखी कुमारी ने स्वच्छता दिवस पर एक सुंदर गीत प्रस्तुत किया, जिसका शीर्षक था ₹आओ बच्चे तुम्हें सिखाएं, अच्छी आदत रोज कीं₹। इस गीत के माध्यम से बच्चों को स्वच्छता अपनाने और स्वस्थ रहने का संदेश दिया गया। **विशेष सहभागिता और संकल्प:** इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकों सुजीत कुमार, जैनेंद्र कुमार, संजीत कुमार, शत्रुघ्न उपाध्याय, राणा अजय, हिंदी शिक्षक अजय कुमार, मोहम्मद आफताब आलम, सूरज नारायण, धीरज कुमार, शिशुपाल पांडे और सुशील सिंह ने भी विद्यार्थियों के साथ भाग लिया। सभी ने स्वच्छता और स्वास्थ्य का संकल्प लिया। विद्यार्थियों में पार्वती, मौसम, सान्या, निभा, प्रतीक्षा, अंजली, निशु, पूजा, रीमा, चांदनी, सरस्वती, राजीव, आदित्य, विकी, अमरकांत और कुंदन ने सक्रिय रूप से भाग लिया और स्वस्थ रहने का प्रण किया। विद्यालय में आयोजित इस कार्यक्रम ने विद्यार्थियों को स्वच्छता, सम्मान और प्रेरणा के महत्व को समझने का अवसर प्रदान किया।

नव शक्ति समाचार पत्र में प्रकाशित सामग्री को मौलिक समझकर छापा जाता है। अतः कॉपीराइट संबंधी कोई कार्रवाई संपादक, प्रकाशन एवं मुद्रक पर नहीं की जा सकती है। दावा करने वाले रचनाकार और चित्रकार से संपर्क करें। समस्त विवादों का निपटारा पटना उच्च न्यायालय क्षेत्रान्तर्गत होगा। प्रधान कार्यालयः कृष्णा मार्केट, पहला तल्ला, निकट हड़ताली मोड़ पश्चिमी बोरिंग कैनाल रोड, पटना-800023 संपादक प्रकाशक - मुद्रक एवं स्वामीः जयप्रकाश चौधरी, कृष्णा मार्केट, पहला तल्ला, निकट हड़ताली मोड़, पश्चिमी बोरिंग कैनाल रोड, पटना द्वारा एसेन कम्प्यूटर, डा.एनी बेसेन्ट रोड, पटना-4 से मुद्रित। सम्पर्क नम्बरः 9473032029, 9939472461 ईमेल- navshakti2010@gmail.com RNI- BIHHIN/2012/43368

# भारतीय जनता पार्टी के रहते संविधान और आरक्षण पर खरोंच तक नहीं आएगी: लाल सिंह आर्या

◆जवाहरलाल नेहरू के समय से ही कांग्रेस का चेहरा दलित और संविधान विरोधी: डा भोला सिंह

◆झारखंड के सभी 41 अनुसूचित जाति बहुल सीटों पर भाजपा करेगी जीत दर्ज: किशुन कुमार दास

◆भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश पदाधिकारी, सोशल मीडिया प्रभारी का एक दिवसीय कार्यशाला संपन्न

**रांची।** गरीबी को नजदीक से देखने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जब से देश की सत्ता को संभाला है, गरीबों के उत्थान के लिए ही काम कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश से गरीबी हटाने के लिए कटिबंध हैं। उक्त बातें भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री तरुण चुग ने कही। श्री चुग आज भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजत भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा, झारखण्ड प्रदेश के प्रशिक्षण सह कार्यशाला कार्यक्रम में कही।

उन्होंने कहा कि देश के चार करोड लोगों को पक्का मकान दे दिया गया है और 3 करोड नए पक्का मकान देने की योजना है। जबकि 11 करोड़ घरों में शौचालय बने हैं और तकरीबन 11 करोड़ घरों में रसोई गैस सिलेंडर भी पहुंचाया गया। इतना ही नहीं 14 करोड़ घरों में नल से पीने का पानी भी पहुंचाया गया है। उन्होंने कहा कि देश को गरीबी से मुक्त बनाने के लिए भाजपा कटिबद्ध हैं।जबकि झूठ और नफरत फैलाने वाले कांग्रेस पार्टी से देश के लोगों को बचने की जरूरत है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को कांग्रेस पार्टी के झूठ का विष भी पीना पड़ रहा है। भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य ने कहा है कि जब तक केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार है तब तक आरक्षण को खरोंच भी आने नहीं दी जाएगी। संविधान और आरक्षण को खत्म करने की कल्पना भी भारतीय जनता पार्टी के रहते नहीं की जा सकती है। उन्होंने कांग्रेस की नीयत और नीति पर सवाल उठाते हुए कहा है कि कांग्रेस का दलित विरोधी चेहरा दशकों से चला आ रहा है। उन्होंने कहा कि झारखंड विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी प्रचंड बहुमत से साथ सरकार बनायेंगे। झारखंड के 41 अनुसूचित जाति बहुल सभी सीटों पर भारतीय जनता पार्टी जीत दर्ज करेगी।




प्रदेश के मोर्चा ओर सोशल मीडिया के प्रभारियों को संबोधित करते हुए उन्होंने विधानसभा चुनाव में जीत का मंत्र भी दिया। उन्होंने कहा कि जिस कांग्रेस पार्टी ने संवैधानिक संस्थाओं को ताक पर रखकर ओर देश के बाहर आरक्षण और संविधान को कमजोर करने की झूठी बात फैलाकर देश की जनता को भ्रमित करने का प्रयास कर रहा है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने 97 बार संविधान संसोधन, 72 चुनी हुई सरकारों को बर्खास्त किया और संविधान की मूल भावना के साथ छेड़छाड़ भी किया। कांग्रेस के नेता देश के बाहर ,देश के भीतर लोगों को बीच जहर घोलने का काम कर रही है। इन पाखंडी से देश को बचाना है।

भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय महामंत्री डॉ भोला सिंह ने कहा कि आगामी विधानसभा में चुनाव में अनुसूचित जाति मोर्चा झारखंड प्रदेश के सभी कार्यकर्ता टोली बनाकर गांव में घूम घूम कर पार्टी के पति लोगों को जागरुक करने और वोट में तब्दील करना सबसे बड़ी जिम्मेवारी है।

उन्होंने कहा कि झारखंड विधानसभा चुनाव में झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेतृत्व में बनी हेमंत सरकार को उखाड़ फेंकने की जिम्मेवारी हम सभी की है और एस सी मोर्चा इसमें बढ़ चढ़ कर भाग ले रहा है। जबकि झारखंड प्रदेश एस सी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सिमरिया के विधायक किशुन कुमार दास में कहा कि विधानसभा चुनाव में एस सी मोर्चा की जिम्मेदारी ओर दायित्व काफी बढ़ जाता है। प्रदेश के सभी 41 अनुसूचित जाति बहुल सीट पर जीत दर्ज करना सबसे प्रमुख उद्देश्य में से एक हैं। उन्होंने कार्यकताओं को जीत का मंत्र देते हैं कहा कि सभी कार्यकर्ता गांव गांव में टोली बनाकर और पार्टी के दिशा निर्देश के आधार पर काम करेंगे तो सफलता जरुर कदम चूमेगी।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा की राष्ट्रीय सोशल मीडिया प्रभारी अणिमा सोनकर ने कहा कि सोशल मीडिया के माध्यम से केंद्र सरकार के जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार प्रसार करना है। वहीं ज्यादा से ज्यादा लोगों को सोशल मीडिया से जोड़ने की जरूरत है।

कार्यक्रम में विषय प्रवेश भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा, झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष किशुन दास ने किया वही मंच संचालन मोर्चा के प्रदेश महामंत्री प्रभात भुइँया एवं धन्यवाद ज्ञापन प्रदेश महामंत्री रंजन पासवान ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जीतू चरण राम राष्ट्रीय मंत्री, अनुसूचित जाति मोर्चा, ब्रजमोहन राम प्रदेश प्रभारी अनुसूचित जाति मोर्चा झारखंड एवं सभी प्रदेश पदाधिकारी, जिला प्रभारी, जिला अध्यक्ष सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## चुनाव आयोग झारखंड में दुर्भावना से प्रेरित हो कर दो चरणों में चुनाव की घोषणा कर हरियाणा चुनाव दोहराना चाहती है: विजय शंकर नायक



**रांची।** उपरोक्त बातें आज आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केन्द्रीय उपाध्यक्ष विजय शंकर नायक ने चुनाव आयोग द्वारा 288 सीट महाराष्ट्र में एक चरण में झारखंड 81 सीट दो चरण में चुनाव की घोषणा करने पर अपनी प्रतिक्रिया में उक्त बाते कही ' इन्होंने आगे कहा कि चुनाव आयोग के हिसाब से 288 सीट 81 सीट से कम होती है इसलिए महाराष्ट्र मे एक चरण मे चुनाव और झारखंड मे दो चरण मे चुनाव कराने की घोषणा की है। श्री नायक ने आगे कहा कि कोई भी अनपढ़ मतदाता यह समझ सकता है कि दो चरण में चुनाव महाराष्ट्र में कराने की आवश्यकता है क्योंकि वहां विधानसभा की सीट की संख्या जायदा है जहां जायदा सीट होती है वही दो चरण तीन चरण में चुनाव कराए जाते है और जहां कम सीट होती है वहाँ एक चरण में ही चुनाव हो सकते है ' मगर महाराष्ट्र में भाजपा गठबंधन की सरकार है इसलिए वहां येन केन प्रकरेण एक ही चरण मे चुनाव करा लेना है और जहां विपक्ष की सरकार हो वहां दो,तीन चरण मे चुनाव कराने है चाहे क्यों न सीट कम हो ।प्रथम फेज मे 19एसटी सीट और दुसरे फेज मे 7 एसटी सीट का चुनाव होगा और चुनाव कराने का अंतरण एक सप्ताह का होगा जो काफी है इधर से उधर करने के लिए। श्री नायक ने चुनाव आयोग से मांग किया कि वे झारखंड मे एक ही चरण मे चुनाव कराये नही तो यह माना जायेगा कि चुनाव आयोग भेदभाव कर झारखंड मे हरियाणा चुनाव की तरह घटनाक्रम को अंजाम देने का कार्य करेगी ।

## पूर्व सांसद स्व. ज्ञानरंजन की जयन्ती मनायी गयी

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में पूर्व सांसद स्व. ज्ञानरंजन की जयन्ती प्रदेष कांग्रेस मुख्यालय, कांग्रेस भवन, रांची में मनाई गयी। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश एवं कांग्रेस विधायक दल के नेता डॉ. रामेश्वर उरॉव ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने स्व. ज्ञानरंजन के व्यक्तित्व और उनके जुझारूपन की चर्चा करते हुए कहा कि स्व. ज्ञानरंजन ने झारखंड अलग राज्य की लड़ाई को मुकाम तक पहुंचाया। उनका पूरा राजनैतिक जीवन झारखंड अलग राज्य के लिए समर्पित था। उन्होंनें अपने पूरे जीवनकाल में कांग्रेस के मजबूती एवं झारखंडवासियों की समृद्धि के लिए लड़ाई लड़ी। कांग्रेस विधायक दल के नेता डॉ0 रामेश्वर उरॉव ने कहा कि स्व. ज्ञानरंजन अपने आप में एक आंदोलन थे, झारखंड अलग राज्य के आंदोलन में उन्होंनें अग्रणी भूमिका निभायी। झारखंड आंदोलन में इनके योगदान को स्वर्ण अक्षरों में लिखा जायेगा। श्रद्धासुमन अर्पित करने वालों में सर्वश्री प्रदीप तुलस्यान, संजय लाल पासवान, रवीन्द्र सिंह, अभिलाष साहू, अमूल्य नीरज खलखो, सतीश पॉल मुंजनी, राजन वर्मा, सोनाल शांति, जगदीश साहू, सुरेन राम, खुर्शीद हसन रूमी, उमेश चौधरी, वशिष्ठ लाल पासवान, राजू राम, राजीव प्रकाश चौधरी, शहीद अहमद, शमीम अख्तर आजाद, राजेन्द्र चन्द्र राजू, पप्पू पासवान, ऐनुल हक, बेलस तिर्की, रामानंद केशरी आदि शामिल थे।

## बोकारो एसपी पूज्य प्रकाश का हुआ तबादला मनोज स्वगीर्यारी बने बोकारो एसपी

**बोकारो।** रेल धनबाद एसपी के पद पर पदस्थापित मनोज स्वगीर्यारी को बोकारो जिले का नया एसपी बनाया गया है. वहीं बोकारो एसपी के पद पर पदस्थापित पूज्य प्रकाश को पुलिस मुख्यालय में योगदान देने का निर्देश दिया गया है. गौरतलब है कि पिछले कई दिनों से बोकारो एसपी का पद प्रभार में चल रहा था.

## यह रोटी, बेटी और माटी बचाने का चुनाव: बाबूलाल मरांडी

**रांची।** चुनाव आयोग ने झारखंड विधानसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा कर दी है। इसका भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी और नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने स्वागत किया है। श्री मरांडी ने कहा कि बीते 5 सालों में बेरोजगारी, घुसपैठ, अपराध, भ्रष्टाचार, कुशासन, तुष्टिकरण, दलित-आदिवासी-पिछड़े समाज का उत्पीड़न और झामुमो कांग्रेस राजद के जंगलराज से त्रस्त झारखंड की जनता-जनार्दन अब परिवर्तन चाहती है। यह चुनाव झारखंड की रोटी, बेटी और माटी की अस्मिता को बचाने का चुनाव है। यह चुनाव आदिवासी समाज के अस्तित्व को घुसपैठियों से बचाने का चुनाव है। यह चुनाव युवा साथियों को नौकरी, रोजगार और न्याय दिलाने का चुनाव है। यह चुनाव झारखंड के गरीब, किसान, महिलाओं को उनका हक दिलाने का चुनाव है। यह चुनाव झारखंड को बचाने का चुनाव है! मुझे पूर्ण विश्वास है कि इस विधानसभा चुनाव में झारखंड के मतदाता आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी और एनडीए गठबंधन को प्रचंड बहुमत देकर लोक कल्याणकारी सरकार बनाएंगे। नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि झारखंड की अत्याचारी- महाभ्रष्ट झामुमो-कांग्रेस-राजद सरकार के विदाई की अंतिम गिनती शुरू हो चुकी है। दो चरणों में चुनाव का यह निर्णय स्वागत योग्य है।

# भारत निर्वाचन आयोग ने झारखंड और महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव की तिथियों का किया घोषणा

**रांची/बोकारो।** भारत निर्वाचन आयोग ने झारखंड के साथ महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव की तिथियों का ऐलान कर दिया है। चुनाव की तिथियों की घोषणा के साथ दोनों राज्यों में चुनाव आचार संहिता लागू हो गयी है। झारखंड में कुल 81 सीटों पर इस बार 2 चरणों में मतदान होंगे। पहले चरण का मतदान 13 नवम्बर, दूसरे चरण का मतदान 20 नवम्बर को होंगे। वहीं महाराष्ट्र में सभी 288 सीटों के लिए एक ही चरण में वोट डाले जायेगा। दोनों राज्यों के चुनाव नतीजे 23 नवंबर को घोषित होंगे।झारखंड में कुल 81 सीटों पर मतदान होना है। 2019 में राज्य में कुल पांच चरणों में मतदान हुए थे। लेकिन पिछले दिनों जब निर्वाचन आयोग की टीम झारखंड दौरे पर आयी तब राज्य के हालात और सभी पार्टियों के साथ हुई वार्ता के बाद यह उम्मीद की जा रही है कि अब यहां पांच चरणों में मतदात्त की आवश्यकता नहीं है। चूंकि झारखंड पहले नक्सल प्रभावित राज्य था। आज झारखंड में नक्सलवाद है भी तो वह तीन-चार जिलों में ही सिमट गया है। इसलिए पूरी उम्मीद है कि झारखंड में 2 या 3 चरणों में मतदान होगे

झारखंड के साथ अगर महाराष्ट्र के भी चुनाव तिथियों का ऐलान होता है तो वहां एक ही चरण में मतदान होगा। हालांकि महाराष्ट्र में झारखंड की तुलना में तीन गुणा से ज्यादा सीटें हैं। महाराष्ट्र में 288 सीटों वाली विधानसभा है। झारखंड में कम सीटें रहने के बाद भी ज्यादा चरणों में मतदान की वजह यह है कि यहां की भौगोलिक स्थिति काफी विषम है। इसलिए यहां एक चरण में मतदान कराना दूसरे राज्यों की तुलना में मुश्किल है। हालांकि निर्वाचन आयोग की टीम के सामने कुछ पार्टियों ने एक ही चरण में मतदान कराने की बात कही थी। बता दें कि झारखंड में 2019 विधानसभा चुनाव के लिए मतदान पांच चरणों में 30 नवम्बर, 7 दिसम्बर, 12 दिसम्बर, 16 दिसम्बर और 20 दिसम्बर को हुए थे। 2.59 करोड़ मतदाता करेंगे अपने मताधिकार का प्रयोगएउक के अनुसार, झारखंड में कुल 2.60 करोड़ मतदाता पंजीकृत हैं. जिनमें लगभग 1.31 करोड़ पुरुष 1.29 करोड़ महिला मतदाता हैं।

**झारखंड में दो चरण तो महाराष्ट्र में एक चरण में होगा चुनाव, आचार संहिता लागू**

राज्य में 11.05 लाख से अधिक पहली बार मतदाता (18-19 वर्ष) 14 लाख 85 वरिष्ठ नागरिक और 3.64 लाख ढहऊ मतदाता पंजीकृत 1845 से अधिक मतदाता 100 वर्ष से अधिक उम्र के हैं। सूची में 8 ढश्ळञ्ज का 100% नामांकन (1.73 लाख है। मतदाता सूची समावेशी और सहभागितापूर्ण चुनावों पर ध्यान केंद्रित करते ह सभी डीईओ की चुनावों में पीवीटीजी और आदिवासी समूहों की भागीठापी बढ़ाने का निदेर्शा दिया गया।

## हार के डर से बौखलाया झामुमो, चुनाव आयोग के निर्णय पर उठाया प्रश्न: प्रतुल शाहदेव

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने चुनाव आयोग के द्वारा दो चरण में चुनाव कराने की घोषणा का स्वागत करते हुए कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा बेवजह इस पर आपत्ति कर रहा।प्रतुल ने कहा कि संविधान में यह स्पष्ट वर्णित है की चुनाव आयोग चुनाव वाले राज्यों में 6 महीने पहले तक चुनाव कराने के लिए सक्षम है। झारखंड में तो यह सरकार ने 59 महीना तक लूट और भ्रष्टाचार का शासन किया है।

फिर एक महीने के लिए इनको इतनी बेचैनी क्यों?प्रतुल ने कहा कि कई बार तो मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी कह चुके हैं कि हम चुनाव के लिए किसी भी समय तैयार हैं।

फिर चुनाव की घोषणा के बाद यह छटपटाहट क्यों? प्रतुल ने कहा कि दरसल इनको पता है कि झारखंड में समाज का हर वर्ग जिसको इन्होंने ठगा है, इस सरकार को वोट के जरिए चोट देने को तैयार है।झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेतृत्व वाली सरकार को पता है कि यह उनकी झारखंड में अंतिम सरकार होगी।क्योंकि 5 वर्षों में इस राज्य ने भ्रष्टाचार, महिला उत्पीड़न ,युवाओं के साथ वादाखिलाफी, लूट, खसोट, घोटालों का नंगा नाच देखा है।उससे अब जनता मुक्ति चाहती है। प्रतुल ने कहा कि इस चुनाव से सबसे ज्यादा जनता उत्साहित है।

क्योंकि उसे 5 वर्षों के हेमंत सोरेन के भ्रष्ट शासनकाल से मुक्ति चाहिए।प्रतुल ने कहा कि प्रदेश की 2 करोड़ 60 लाख लोग हेमंत सरकार को बाहर करने के लिए 13 और 20 नवंबर को अपना वोट डालेंगे। आगामी चुनाव में भाजपा के नेतृत्व वाली एनडीए गठबंधन की प्रचंड जीत होगी और हेमंत सरकार इतिहास के पन्नों में सिमट जाएगा।

## सी के नायडू: हैदराबाद ने बिहार को 10 विकेट से हराया



**पटना।** पटना स्थानीय मोइनुल हक स्टेडियम में 13 अक्टूबर को प्रारंभ हुई सी के नायडू ट्रॉफी में हैदराबाद और बिहार के बीच हुई मैच, तीसरे दिन ही समाप्त हो गई। इस मैच को हैदराबाद में 10 विकेट से जीत लिया। इस मैच में हैदराबाद में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 349 का स्कोर खड़ा किया था, जिसके जवाब में बिहार की टीम पहली पारी में 150 रन बनाकर ऑल आउट हो गई और बिहार को फॉलोवन खेलना पड़ा। फॉलोवन खेलती हुई बिहार की टीम, शशांक उपाध्याय के बेहतरीन 87 रंग के बदौलत 228 रन बना बनाकर बिहार को पारी की हार से बचाने का काम किया। हैदराबाद ने जीत के लिए मिले 30 रन के लक्ष्य को बिना कोई विकेट खोए 33 रन बनाकर मैच को 10 विकेट से अपने नाम कर लिया। दूसरी पारी में हैदराबाद के दोनों सलामी बल्लेबाज अमन (15 रन) और जयराम (18 रन) बनाकर नाबाद रहे। मैच के दूसरे दिन की खेल की समाप्ति पर जब बिहार टीम का स्कोर आठ विकेट पर 131 रन था और पारी की हार से बचने के लिए 68 रनों की जरूरत थी तो ऐसा लग रहा था कि बिहार को पारी की हार का सामना करना पर सकता है, लेकिन शशांक उपाध्याय और अनुप कुमार के बीच नवें विकेट के लिए 233 गेंद में 87 रनो की भागीदारी ने बिहार को पारी की हार से बचा लिया। अनुप कुमार 29 रन बनाकर आउट हुए। हैदराबाद के नितिन साइ ने पहली पारी में छह विकेट तो दूसरी पारी में सात विकेट लिए। बिहार का अगला मैच मध्य प्रदेश से इंदौर में 20 अक्टूबर से होगा।

## इंडियन गठबंधन की सरकार ने फोड़ा दीपावली का बम: सतीश कुमार मुंजनी

●मंईयां सम्मान योजना की राशि हुई 2500 रूपए

●महागठबंधन की सरकार ने पांच साल तक शहर से गांव तक निष्पक्ष और पारदर्शी के साथ विकास और सहयोग कार्य चलाया है :सतीश कुमार मुंजनी



**रांची।** भाजपा के ताबड़तोड़ प्रहार और हताशा को नजरअंदाज करते हुए झारखंड की इंडिया गठबंधन की हेमंत सरकार ने दीपावली के पूर्व ही ऐसा बम छोड़ा है जिससे कि भाजपा की 2100 रूपए वाली गोगो दीदी योजना चारों खाने चित हो गई। गोगो दीदी योजना की जगह इंडिया गठबंधन की सरकार ने अब दिसंबर माह से मंईयां सम्मान योजना की राशि 1000 से बढ़ाकर ढाई हजार रुपए तक कर दी है, जो दिसंबर माह से मिलने भी लगेगी। उक्त बातें झारखंड प्रदेश कांग्रेस मीडिया कमेटी के अध्यक्ष सतीश कुमार मुंजनी ने कही। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ऐन केन प्रकरेण झारखंड की सत्ता पर कब्जा करना चाहती है। इसके लिए वह ईडी का सहारा लेती और ऐन चुनाव के वक्त ईडी की रेड इंडिया गठबंधन में शामिल विभिन्न दलों के नेताओं पर कराया जाता रहा है। जिसका ताजा उदाहरण है इंडिया गठबंधन के मंत्री मिथिलेश ठाकुर के भाई विनय कुमार ठाकुर व आईएएस मनीष रंजन सहित अभिनेताओं व ठेकेदारों के 18 ठिकानों पर की गई छापामारी। बावजूद झारखंड की जनता सारी चीजों को समझती है और पूर्व के चुनाव और उपचुनाव में भाजपा गठबंधन को जिस तरह धूल चटाई है, वही हश्र आसन्न चुनाव में झारखंडी मतदाता दोहराने वाली है।श्री मुंजनी ने कहा की इस बार मतदाता किसी के बहकावे मे नही आने वाली है।शहर से गांव तक एक और संगठित है।

# बोकारो जिले के सभी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में मतदान 20 नवंबर को

◆22 अक्टूबर को होगी अधिसूचना निर्गत,नाम निर्देशन की अंतिम तिथि 29 अक्टूबर

◆14,87,103 मतदाता करेंगे मतदान,जिसमें 7,65,024 पुरूष एवं 07,22,046 महिला मतदाता शामिल

**निर्मल महाराज**

**बोकारो।** भारत निर्वाचन आयोग ने विधानसभा आम चुनाव 2024 की घोषणा कर दी है। इसके अनुसार 34 गोमिया,35 बेरमो,36 बोकारो एवं 37 चंदनकियारी विधानसभा क्षेत्र के लिए दूसरे चरण में 20 नवंबर को मतदान होना है। चुनाव की अधिसूचना 22 अक्टूबर, नाम निर्देशन की अंतिम तिथि 29 अक्टूबर, नाम निर्देशन प्रपत्रों की स्क्रूटनी 30 अक्टूबर, अभ्यर्थिता वापस लेने की तिथि 1 नवंबर, मतदान की तिथि 20 नवंबर एवं मतगणना की तिथि 23 नवंबर निर्धारित की गई है। उक्त बातें जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त विजया जाधव ने मंगलवार को समाहरणालय सभागार में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कही , मौके पर सभी आरओ व अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

सभी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कुल मतदाताओं की संख्या 14,87,103 है। जिसमें पुरुष मतदाताओं की संख्या 76,50,24 एवं महिला मतदाताओं की संख्या 72,20,46 है। वहीं, ट्रांसजेंडर मतदाताओं की संख्या 33 है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि 27 अगस्त 2024 से अब तक सभी विधानसभा क्षेत्रों में कुल 15,904 नये मतदाताओं को जोड़ा गया है। लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत दिव्यांग मतदाता 18,731 एवं 85 प्लस मतदाताओं की संख्या 4,700 है ,जिला अंतर्गत सभी 04 विधानसभा क्षेत्रों में कुल 828 भवनों में कुल मतदान केंद्रों की संख्या 1581 है।

जिसमें 34 गोमिया विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत 206 भवनों में 341 मतदान केंद्र, 35 बेरमो विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत 213 भवनों में 355 मतदान केंद्र, 36 बोकारो विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत 204 भवनों में 588 मतदान केंद्र, 37 चंदनकियारी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत 205 भवनों में 297 मतदान केंद्र बनाएं गए हैं। वहीं, जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने विभिन्न कोषांगों द्वारा अब तक किए गए कार्यों की प्रगति की जानकारी विस्तार से दी। आगे, उन्होंने बताया कि कृषि उत्पादन बाजार समिति आइटीआइ मोड़ चास को वज्रगृह एवं मतगणना केंद्र बनाया गया है। अधिसूचना जारी होने के साथ ही आदर्श आचार संहिता लागू करते हुए 247 कंट्रोल रूम कम्पोजिट कंट्रोल रूम में प्रारंभ है। प्रत्येक मतदान केन्द्र पर ईवीएम के साथ वीवीपैट का इस्तेमाल किया जाएगा।



रात्रि 10 बजे से सुबह 6 बजे तक लाउडस्पीकर बैन। मतदान के 48 घंटा पहले लाउडस्पीकर, चुनावी सभा, प्रसार-प्रचार पर रोक रहेगा। सभी उम्मीदवारों को हलफनामा देना होगा। प्रत्याशियों को अपराधिक रिर्पोट भी देना होगा। विधानसभा चुनाव से संबंधित शिकायत जानकारी प्राप्त करने के लिए हेल्पलाइन नं.- डायल 1950 सेवा शुरू की गई है। जो सुबह 9.00 बजे से रात्रि 9.00 बजे तक कार्यरत रहेगी।

निर्वाचन के दौरान आदर्श आचार संहिता के उल्घंन हेतु भारत निर्वाचन आयोग द्वारा सी-विजिल एप बनाया गया है। जिसके द्वारा प्राप्त शिकायत को 100 मिनट के अंदर समाधान किया जाएगा।

निर्वाचन कार्य के सफल संचालन को लेकर कुल 204 सेक्टर पदाधिकारी बनाया गया है। साथ ही सभी नोडल पदाधिकारी का नोडल इनकोर आइडी बना लिया गया है जो निर्वाचन अवधि के दौराना निर्वाचन प्रक्रिया को सुव्वस्थित करने एवं अनुमति देने या नहीं देने के संबंध में समूचित निर्णय लेने में मदद करेगा।इस अवसर पर उप विकास आयुक्त गिरजा शंकर प्रसाद, सामग्री कोषांग की नोडल पदाधिकारी मेनका,निवार्ची पदाधिकारी गोमिया सह अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, निवार्ची पदाधिकारी बोकारो सह एसडीओ चास प्रांजल ढांडा, निवार्ची पदाधिकारी सह डीसीएलआर प्रभाष दत्ता, निवार्ची पदाधिकारी बेरमो सह एसडीओ बेरमो मुकेश मछुआ, ईवीएम कोषांग के नोडल पदाधिकारी मनोज कुमार, स्वीप कोषांग के नोडल पदाधिकारी शक्ति कुमार,सहयोगी पदाधिकारी मीडिया कोषांग सह सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह, सहयोगी पदाधिकारी पंकज दूबे आदि उपस्थित थे।